भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् में राजभाषा हिंदी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून में दिनांक 16 मार्च 2022 को राजभाषा हिंदी के कार्यालयीन प्रयोग को बढ़ावा देने तथा इससे संबंधित नियमों एवं उपनियमों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से राजभाषा हिंदी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में कुल 16 कार्मिकों ने भाग लिया जिन्हें राजभाषा अधिनियम, त्रैमासिक रिपोर्ट एवं इससे संबंधित सामान्य जानकारियों के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही एक राजभाषा क्विज का आयोजन भी किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन, डॉ. गीता जोशी, सहायक महानिदेशक (मीडिया एवं विस्तार), मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। श्री रमाकांत मिश्र, मुख्य तकनीकी अधिकारी, मीडिया एवं विस्तार प्रभाग, ने राजभाषा के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी प्रदान करने एवं प्रतिभागियों द्वारा उठाए गए विभिन्न प्रश्नों पर शंका निवारण का महत्वपूर्ण दायित्व निर्वहन किया। कार्यशाला का संचालन श्री अवनीश कुमार, हिंदी अनुवादक, मीडिया एवं विस्तार प्रभाग द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण कार्यशाला के पश्चात प्रतिभागियों से दो बिंदुओं पर प्रतिपुष्टि मांगी गई थी। कुल 12 प्रतिपुष्टियां प्राप्त हुईं। पहले बिंदु के अंतर्गत कार्यशाला की उपयोगिता के बारे में तीन विकल्प दिए गए जो क्रमशः अति-उपयोगी, उपयोगी व संतोषजनक थे। सभी प्रतिभागियों (100%) ने इस कार्यशाला को अति उपयोगी पाया।

प्रशिक्षण को और सार्थक बनाने के उद्देश्य से दूसरे बिंदु में प्रतिभागियों के सुझाव आमंत्रित किए गये थे। प्रतिभागियों के अनुसार राजभाषा प्रशिक्षण कार्यशाला अति उपयोगी है। यह प्रशिक्षण समय-समय पर होना चाहिए। इसके साथ ही ज्यादा से ज्यादा कर्मियों की उपस्थिति एवं कर्मियों से सवाल–जवाब के माध्यम से जानकारी प्रदान करना ज्यादा उपयोगी इस कार्यशाला को और उपयोगी बनाएगा।

राजभाषा हिंदी प्रशिक्षण कार्यशाला
मीडिया एवं विस्तार प्रभाग, विस्तार निदेशालय
भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद्, देहरादून

राजभाषा हिंदी प्रशिक्षण कार्यशाला
मीडिया एवं विस्तार प्रभाग, विस्तार निदेशालय
भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद्, देहरादून
भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद्
INDIAN COUNCIL OF FORESTRY RESEARCH AND EDUCATION
वनस्पतयः शान्तिः

EXIT
भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद
INDIAN COUNCIL OF FORESTRY RESEARCH AND EDUCATION